# जन प्रकाशन

इन्दौर-भोपाल से एकसाथ प्रकाशित janprakashan@gmail.com www.janprakashan.com

सत्य ● साहस ● सरोकार

वर्षः 10 | अंकः 36 इंदौर | गुरुवार, 02 मार्च - 08 मार्च 2023 पृष्ठः 08 | मूल्यः 02 रुपए




# बहनों को हर महीने एक हजार, भांजियों को स्कूटी



## सत्तासीन सरकार का अंतिम बजट, 3 लाख 14 हजार 25 करोड़ का

भोपाल/ जन प्रकाशन

मध्य प्रदेश में बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट प्रस्तुत किया गया। प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के टैबलेट से 3 लाख 14 हजार 25 करोड़ का बजट निकला। बजट इस मायने में खास है कि यह पेपर लेस यानि की मंत्री ने टैबलेट से बजट को पढ़ा। वर्तमान सरकार का यह अंतिम बजट है क्योंकि इसी वर्ष प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से करीब 8 महीने पहले आए इस अंतिम बजट में जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया है। वहीं, कई सामाजिक योजनाओं की शुरुआत की गई।

जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है कि इस बजट में युवाओं के लिए एक साल में एक लाख सरकारी नौकरी का वादा किया गया है। महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना का जिक्र है, वहीं बेटियों के लिए ई-स्कूटी देने का ऐलान किया गया है। जबकि , जनजातीय विभाग के बजट में 37 प्रतिशत की वृद्धि लोगों को चौंका रही है। इस बार यह बजट 36 हजार 950 करोड़ रुपये किया गया है। महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है, जिसमें पात्र महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपये की राशि देने का वादा है। बेटियों के लिए, जो बच्चियां 12वीं में प्रावीण्य सूची में आएंगी उन्हें ई-स्कूटी दी जाएगी।

### मप्र में पहली बार पेपरलेस ई-बजट

बजट 2023-24 में किसी नए कर का प्रस्ताव नहीं किया गया है,देश के सकल घरेलू उत्पाद में हमारे प्रदेश का योगदान 3.6 % से बढ़कर अब 4.8 % हो चुका है। यह बजट (2023-2024) 3 लाख 14 हजार 25 करोड़ रुपए का है। पिछले साल 2022-23 में बजट 2 लाख 79 हजार 697 करोड़ रुपए का था।

MBBS सीट 2 हजार 55 से बढ़ाकर 3 हजार 605 की जाएंगी,पोस्टग्रेजुएट कोर्स के लिए 649 सीट्स बढ़कर 915 होंगी। नर्सिंग कॉलेज योजना से मेडिकल कॉलेजिस में 810, बीएससी नर्सिंग, 300 पोस्ट बेसिक नर्सिंग की एक्स्ट्रा सीट्स होंगी।

25 चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए 400 करोड़ रु. का प्रावधान।

प्रदेश में 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएंगी, रोजगार के लिए 200 युवाओं को जापान भी भेजा जाएगा।

900 सीएम राइज स्कूल खोले जाएंगे, सीएम सनराइज स्कूलों के लिए 3 हजार 230 करोड़ रु. का बजट।

सीएम लाडली बहना योजना के लिए सात हजार करोड़, पात्र महिलाओं को मिलेंगे 1000 प्रति माह।

बजट में लाडली लक्ष्मी योजना उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन।

लाड़ली लक्ष्मी योजना के लिए 929 करोड़।

महिला स्व सहायता समूह के लिए 660 करोड़।

आहार अनुदान योजना के लिए 300 करोड़।

एक लाख नई नौकरियां देने का ऐलान।

लाड़ली बहना योजना के लिए 60 हजार करोड़ का प्रावधान।

घुमंतू जाति के लिए मुख्यमंत्री कौशल योजना शुरू होगी।

संपत्ति की रजिस्ट्री में छूट दी जा रही है,खेल विभाग का बजट बढ़ाया गया खेलों के विकास के लिए 738 करोड़, नवीन मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना के तहत 12वीं क्लास फर्स्ट डिविजन से पास करने वाली छात्राओं को ई-स्कूटी दी जाएगी।

युवाओं को स्वावलंबी बनाना सरकार की योजना, स्कूलों में खाली पदों पर होगी भर्ती

डिफाल्टर बकायादार किसानों के सरकारी संस्थानों से लिए गए कर्ज का ब्याज सरकार भरेगी।

300 गौशालाओं के निर्माण की स्वीकृति, प्रदेश में मिलेट की होगी शुरुआत,फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

900किलोमीटर लंबा नर्मदा प्रगति पथ बनेगा।

105 नए ओवरब्रिज बनाए जाएंगे, सड़क निर्माण और विकास के लिए 10,182 करोड़।

मछली उत्पादन में एमपी को विशेष पुरस्कार, 2 साल में 17,000 शिक्षकों की भर्ती।

मिलेट मिशन के लिए 1000 करोड़ का प्रावधान,मुख्यमंत्री कौशल योजना के लिए 1000 करोड़, सिंगरौली में खनन प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय खुलेगा।

भोपाल को स्पोर्ट्स हब बनाया जाएगा, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 3200 करोड़ का प्रावधान।

11,000 एकड़ में सुगंधित खेती को बढ़ावा दिए जाने का प्रावधान।

109 रेलवे ओवरब्रिज सहित, 354 पुल।

किसानों को केंद्र से 6000 रुपए और मध्यप्रदेश सरकार से 4000 रुपए मिलते रहेंगे, 6 इंजीनियरिंग कॉलेजों में हिंदी में पढ़ाई होगी।

रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा।

पशु प्रदाय योजना शुरू की गई है,पीएम सड़क के तहत 4000 किलोमीटर सड़क बनेगी।

सीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत 8000 किलोमीटर सड़क बनेगी,बुंदेलखंड के 6 जिलों में जल संकट की योजना शुरू की।

स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली के बिल मिलेंगे,सिंचाई योजना के लिए 11 हजार 500 करोड रुपए,निवेश को आकर्षित करने की कोशिश,छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम अब राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय।

एसटी वर्ग के उन्नयन के लिए 36 हजार 250 करोड़,कन्या विवाह,आवास योजना, संपत्ति की रजिस्ट्री में छूट दी जा रही है।

63 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित करने का प्लान, एमपी की विकास दर 26.43%

नर्मदा का पानी किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

इंदौर पीथमपुर इकोनामिक कॉरिडोर का विकास।

देश का पहला चीता स्टेट बना मध्य प्रदेश,एमबीबीएस सीट 2055 से बढ़ाकर 3605 की जाएगी,राजस्व व्यय-2 लाख 25 हजार 297 करोड,सीएम कन्यादान योजना की राशि बढ़ी,51,000 से बढ़कर 55,000 की गई, सीएम कन्यादान योजना की राशि।

दिव्यांग बुजुर्ग के लिए 3986 करोड़ रुपए।

पीएम आदर्श योजना के लिए 129 करोड रुपए,तीर्थ दर्शन योजना में हवाई सेवा भी शामिल,तीर्थ यात्रियों के लिए शुरू होगी फ्लाइट,हवाई पट्टीयों को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करेंगे, हवाई पट्टी के विकास के लिए 80 करोड़,11 लाख आबादी को पेयजल की व्यवस्था,SC/ST/OBC, अल्पसंख्यक, विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू वर्ग के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 252 रु.।

मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थलों के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। प्रसूति सहायता योजना में 400 करोड़ का प्रावधान किया है। आहार अनुदान योजना के लिए 300 करोड़ रु.। इसके तहत बैगा, भारिया, सहरिया जनतीय महिलाओं को 1 हजार रुपए महीना दिया जाएगा।

इंदौर और भोपाल में मेट्रो रेल के लिए 710 करोड़ रु. का बजट।

सलकनपुर में श्रीदेवी महालोक, सागर में संत रविदास स्मारक, ओरछा में रामराजा लोक, चित्रकूट में दिव्य वनवासी राम लोक को डेवलप किया जाएगा। इसके लिए 358 करोड़ रु. का बजट है।नगरीय निकायों को 842 करोड़ रु., नगरीय विकास के लिए 14 हजार 82 करोड़ रु., स्थानीय निकायों को 3 हजार 83 करोड़ रु.।भोपाल में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बनेगा। इसमें हर साल 6 हजार लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी। ग्वालियर, जबलपुर, सागर और रीवा में भी स्किल सेंटर शुरू किए जाएंगे।




शेष पेज नं. 03 पर देखें

## संपादकीय

# रंगो का पर्व और उसका पौराणिक महत्व

जनप्रकाशन



मनोज चौबे
प्रधान संपादक

**होली का पर्व बहुआयामी है। इस दिन समाज से ऊंच-नीच, गरीब-अमीर जैसी विभाजक भावनाएं विलुप्त हो जाती हैं। यह पर्व खेती-किसानी से भी जुड़ा है इसीलिए तो जलती होली में गेहूं की बालियों को भूनने का महत्व है।**

होली उत्साह और उमंग से भरा त्योहार और उत्सव है। विष्णु भक्त इस दिन व्रत भी रखते हैं। होलिका दहन के लिए लोग महीनेभर पहले से तैयारी में जुटे रहते हैं। सामूहिक रूप से लोग लकड़ी, उपले आदि इकट्ठा करते हैं और फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के दिन संध्या काल में भद्रा दोषरहित समय में होलिका दहन किया जाता है। होली जलाने से पूर्व उसकी विधि-विधान सहित पूजा की जाती है और अग्नि एवं विष्णु के नाम से आहुति दी जाती है।

होलिका दहन के दिन पवित्र अग्नि के चारों ओर लोग नृत्य करते हैं और लोकगीत का आनंद लेते हैं। इस दिन राधा-कृष्ण की लीलाओं एवं ब्रज की होली की धुन गलियों में गूंजती रहती है और लोग आनंद-विभोर रहते हैं। होलिका दहन के दिन लोग अपने-अपने घरों में खीर और मालपुआ बनाकर अपनी कुलदेवी और देवता को भोग लगाते हैं।

### प्राचीन कथा

होली की पूर्व संध्या में होलिका दहन किया जाता है। इसके पीछे एक प्राचीन कथा है कि दीति का पुत्र हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु से घोर शत्रुता रखता था। इसने अपनी शक्ति के घमंड में आकर स्वयं को ईश्वर कहना शुरू कर दिया और घोषणा कर दी कि राज्य में केवल उसी की पूजा की जाएगी। उसने अपने राज्य में यज्ञ और आहुति बंद करवा दी और भगवान के भक्तों को सताना शुरू कर दिया। हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। पिता के लाख कहने के बावजूद प्रहलाद विष्णु की भक्ति करता रहा। असुराधिपति हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को मारने की भी कई बार कोशिश की, परंतु भगवान स्वयं उसकी रक्षा करते रहे और उसका बाल भी बांका नहीं हुआ। असुर राजा की बहन होलिका को भगवान शंकर से ऐसी चादर मिली थी कि जिसे ओढ़ने पर अग्नि उसे जला नहीं सकती थी। होलिका उस चादर को प्रहलाद को गोद में लेकर चिता पर बैठ गई। दैवयोग से वह चादर उड़कर प्रहलाद के ऊपर आ गई जिससे प्रहलाद की जान बच गई और होलिका जल गई। होलिका दहन के दिन होली जलाकर 'होलिका' नामक दुर्भावना का अंत और भगवान द्वारा भक्त की रक्षा का जश्न मनाया जाता है।

### होली रंगोत्सव

होली का त्योहार प्रेम और सद्भावना से जुड़ा त्योहार है जिसमें अध्यात्म का अनोखा रूप झलकता है। इस त्योहार को रंग और गुलाल के साथ मनाने की परंपरा है। इस त्योहार के साथ कई पौराणिक कथाएं एवं मान्यताएं जुड़ी हुई हैं।

### होली पौराणिक तथ्य


होली का त्योहार भारतवर्ष में अति प्राचीनकाल से मनाया जाता आ रहा है। इतिहास की दृष्टि से देखें तो यह वैदिक काल से मनाया जाता आ रहा है। हिन्दू मास के अनुसार होली के दिन से नए संवत की शुरुआत होती है। चैत्र कृष्ण प्रतिप्रदा के दिन धरती पर प्रथम मानव मनु का जन्म हुआ था। इसी दिन कामदेव का पुनर्जन्म हुआ था। इन सभी खुशियों को व्यक्त करने के लिए रंगोत्सव मनाया जाता है। नरसिंह रूप में भगवान इसी दिन प्रकट हुए थे और हिरण्यकश्यप नामक महासुर का वध कर भक्त प्रहलाद को दर्शन दिए थे।



सा.

# आयकर की जगह जायकर क्यों नहीं ?

जनप्रकाशन



डॉ. वेदप्रताप वैदिक
(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद् के अध्यक्ष और अफगान मामनों के विशेषज्ञ)
dr.vaidik@gmail.com

हमारे देश में आयकर याने इनकम टैक्स फार्म भरनेवालों की संख्या 7 करोड़ के आस-पास है लेकिन उनमें से मुश्किल से 3 करोड़ लोग टैक्स भरते हैं। क्या भारत-जैसे 140 करोड़ के देश में ढाई-तीन करोड़ लोग ही इस लायक हैं कि सरकार उनसे टैक्स वसूल सकती है? क्या ये ढाई-तीन करोड़ लोग भी अपना टैक्स पूरी ईमानदारी से चुकाते हैं? नहीं, बिल्कुल नहीं! ईमानदारी से पूरा टैक्स चुकानेवाले लोगों को ढूंढ निकालना लगभग असंभव है याने जो टैक्स भरते हैं, वे भी टैक्स-चोरी करते हैं। जो नहीं भरते हैं और जो भरते हैं, वे सब टैक्स-चोर बना दिए जाते हैं। हमारी टैक्स व्यवस्था ऐसी है कि जो हर नागरिक को चोर बनने पर मजबूर कर देती है। हर मोटी आमदनीवाला मालदार आदमी ऐसे चार्टर्ड एकाउंट की शरण लेता है, जो उसे टैक्स चोरी के नए-नए गुर सिखाता है। इस सच्चाई को यदि हमारी सरकारें स्वीकार कर लें तो भारत में टैक्स-व्यवस्था में इतना सुधार हो सकता है कि कम से कम 30 करोड़ लोग टैक्स भरने लगें। देश में 30-40 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें हम मध्यम श्रेणी का मानते हैं। हर मध्यम श्रेणी का नागरिक टैक्स देना चाहेगा लेकिन यदि वह आयकर 10-15 प्रतिशत से शुरु होगा तो उसका पेट भरना भी मुश्किल हो जाएगा। इसकी बजाय आयकर का प्रतिशत एकदम घटा दिया जाए तो इतने ज्यादा लोग टैक्स भरने लगेंगे कि वह 11 लाख करोड़ रू. से कहीं डेढ़ा-दुगुना हो सकता है। लोगों में जिम्मेदारी का भाव भी पैदा होगा और सरकार की




जवाबदेही भी बढ़ेगी। आम आदमी पर हमारी नौकरशाही का रोब-दाव भी घटेगा। कई देश ऐसे हैं, जिनमें आमदनी पर कोई टैक्स ही नहीं लगता। कांग्रेसी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वसंत साठे और मैंने लगभग 35 साल पहले एक मुहीम शुरु की थी, जिसमें हमारी मांग थी कि आयकर को खत्म किया जाए और उसकी जगह जायकर लगाया जाए याने आमदनी पर नहीं, खर्च पर टैक्स लगाया जाए। इसके कई फायदे होंगे। पहला तो यही कि टैक्स-चोरी की आदत पर लगाम लगेगी। दूसरा, लोगों के खर्च घटेंगे। उपभोक्तावाद और फिजूलखर्ची घटेगी और बचत बढ़ेगी। तीसरा, आयकर विभाग बंद होगा, जिससे सरकार का करोड़ों रूपया बर्बाद होने से बचेगा। चौथा, नागरिकों का सिरदर्द घटेगा। पांचवां, डिजिटल व्यवस्था के कारण हर खरीदी पर उपभोक्ता का टैक्स तत्काल कट जाएगा। अभी टैक्स-चोरी के बावजूद अकेले गुड़गांव में विभिन्न कंपनियों पर 13 हजार करोड़ रु. का आयकर बक़ाया है। पूरे भारत में इस साल सिर्फ 11 लाख 35 हजार करोड़ रू. का आयकर वसूला गया है। लेकिन इससे कई गुना ज्यादा पैसा चोरी हुआ है और बक़ाया है। यदि आयकर घटे या खत्म हो तो सरकार की आमदनी बढ़ेगी और लोगों को भी राहत मिलेगी।। **ये लेखक के अपने विचार है)**

# इंदौर से जालसाजी मामले में फरार दीपक मद्दा पुलिस की गिरफ्त में

## 9 अपराध दर्ज हैं शहर के विभिन्न थानों में, एनएसए की कार्यवाही की तैयारी

इंदौर/ जन प्रकाशन

**चंकि बाजपेयी।** इन्दौर क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए कुख्यात भूमाफिया दीपक जैन उर्फ दिलीप सिसोदिया उर्फ दीपक मद्दा को मथुरा वृंदावन से पकड़ने में सफलता हासिल की है वही पकड़ा गया भूमाफिया दीपक मद्दा ने पुलिस को अपर मुख्य सचिव एसीएस गृह डॉ. राजेश राजौरा के हस्ताक्षर वाला फर्जी पत्र पुलिस को भेजकर कहा कि उसकी गिरफ्तारी नहीं की जाए, क्योंकि मेरी रासुका गृह विभाग ने निरस्त कर दी है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में भी पुलिस ने भूमाफिया पर एक एफआईआर दर्ज की है।

दरसअल इन्दौर क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर कुख्यात भूमाफिया दीपक जैन उर्फ दिलीप सिसोदिया उर्फ दीपक मद्दा को मथुरा वृंदावन से पकड़ा है । वही डिसीपी क्राइम निमिष अग्रवाल ने बताया कि दीपक मद्दा लंबे समय से मथुरा में रुक कर फरारी काट रहा था।



वही पूर्व कलेक्टर मनीष सिहं ने जमीनों के खेल के मामले में फरवरी 2021 में मद्दा के खिलाफ 6 एफआईआर दर्ज कराई थी और फिर रासुका भी लगाई थी भूमाफिया दीपक मद्दा ने पुलिस को अपर मुख्य सचिव एसीएस गृह डॉ. राजेश राजौरा के फर्जी हस्ताक्षर वाला पत्र पुलिस को भेजकर कहा कि उसकी गिरफ्तारी नहीं की जाए, क्योंकि मेरी रासुका गृह विभाग ने निरस्त कर दी है। पुलिस ने जब गृह विभाग से पत्र क्रमांक 3525/825/2022 की जानकारी मांगी तो पता चला कि ऐसा कोई पत्र ही जारी नहीं हुआ । इसके बाद खजराना पुलिस ने उस पर धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाने आदि धाराओं में केस दर्ज कर लिया है । जिसके बाद से दीपक की तलाश जारी थी । दीपक मद्दा को पुलिस गुरुवार सुबह इंदौर लेकर पहुची है जिसके बाद इन्दौर क्राइम ब्रांच कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी जहा पुलिस द्वारा उम्मीद जताई जा रही है कि पूछताछ में और भी कई बड़े खुलासे हो सकते है।

बता दे दीपक मद्दा मथुरा वृंदावन सही उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर फेरारी काट रहा था इसी के साथ अब पुलिस के विभिन्न थानों में जो उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं उनमें भी पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है तो वही उसको न्यायालय में पेश करने के साथ ही उसको रिमांड पर लेकर अन्य अपराधिक मामलों में पूछताछ की जा सकती हैं....।

# राजस्व संग्रहण और उपभोक्ता सेवाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**मार्च के राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए अधीक्षण यंत्री दैनिक समीक्षा करे। मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी के एमडी तोमर ने ली 15 जिलों की मिटिंग।**

इंदौर/ जन प्रकाशन



मार्च माह प्रारंभ हो चुका है, बिजली कंपनी की आर्थिक सेहत की वर्षभर की रिपोर्टिंग इस माह संग्रहित होने वाले राजस्व के आधार पर ही होगी। इसलिए मार्च में अधीक्षण यंत्री अपने क्षेत्र के राजस्व संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित कर दैनिक समीक्षा करे, ताकि माह के अंतिम दिन में स्थिति अनुकूल बनी रहे। उपभोक्ता सेवाओं के लिए भी सभी कर्मचारी, अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करे।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अमित तोमर ने ये निर्देश उच्च स्तरीय मिटिंग में दिए। गुरुवार को कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों की मिटिंग लेते हुए उन्होंने कहा कि हम वाणिज्यिक संस्था के अधिकारी है, बगैर लक्ष्य प्राप्त किए संस्था को अच्छी ढंग से चलाना कठिन होता है, अतः सभी देयकों का समय पर भुगतान प्राप्त करे। प्रत्येक बकायादार तक हमारी पहुंच होना चाहिए, ताकि बकाया राशि वसूली जा सके। तोमर ने कहा कि मार्च के लक्ष्य की पूर्ति के लिए विजिलेंस की बकाया राशि भी मदद करेगी, विजिलेंस में 100 करोड़ से ज्यादा की राशि बाकी है। इस अवसर पर नए सब स्टेशनों के निर्माण में लापरवाही बरतने वालों को नोटिस देने, खरगोन में पोल फैक्ट्री का कार्य तेजी से प्रारंभ करने, घर के कनेक्शनों पर दुकान संचालित करने वालों को गैर घरेलू श्रेणी में शामिल करने के निर्देश दिए गए। शाजापुर के अधीक्षण यंत्री सुनील पटेल को सीएम हेल्प लाइन में जिले को सतत अव्वल रखने पर शाबासी दी गई। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह ली गई मैराथन मिटिंग में मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य , कार्यपालक निदेशक मनोज झंवर, संजय मोहासे, गजरा मेहता, मुख्य अभियंता पुनीत दुबे, कैलाश शिवा, एसएल करवाड़िया, बीएल चौहान, रवि मिश्रा, शहर अधीक्षण यंत्री मनोज शर्मा, ग्रामीण अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा आदि उपस्थित थे।

### एमडी ने ये महत्वपूर्ण बातें भी कही

सभी डाटा अब वीआई डेश बोर्ड से ही निकाले जाएंगे, वे ही मान्य होंगे।

प्रति जोन, वितरण केंद्र प्रभारी सतत चैकिंग करे, ताकि लॉस घट सके।

उच्च दाब कनेक्शनों की बिजली मांग तुलनात्मक अधिक हो तो शुल्क वसूले।

इंदौर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है, अन्य शहरों मे भी प्रभावी तैयारी करे।

सभी कर्मचारी, अधिकारी नियम पालन करे और कार्यालयीन कार्य समय से हो।



# देश के सकल घरेलू उत्पाद में मध्यप्रदेश का अहम योगदान : वित्त मंत्री

**मप्र के वित्त मंत्री ने बताया कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में मध्य प्रदेश का योगदान 3.6% से बढ़कर अब 4.8 % हो चुका है। वर्ष 2011-12 प्रति व्यक्ति आय 30 हजार 497 रुपये थी, अब 2022-23 में साढ़े तीन गुना तक बढ़कर एक लाख 40 हजार 585 रुपये हो गई है। वही बजट भाषण के दौरान बताया गया कि लाडली लक्ष्मी योजना से 44 लाख से ज्यादा बालिकाओं को लाभ पहुंचा है। प्रधान मंत्री मातृ वंदन योजना 21 लाख हितग्राहियों का पंजीकरण, 1 हजार 466 करोड़ की राशि का भुगतान। लगभग 3.20 लाख करोड़ का बजट पेश किया गया है। खेल विभाग के लिए 738 करोड़ रुपये 1 लाख सरकारी नौकरियों का ऐलान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना। 467 करोड़ रूपए मातृत्व वंदना योजना के तहत दिए जाएंगे। डिफॉल्टर किसानों का कर्ज सरकार भरेगी।**

### विधानसभा में मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना का ऐलान

मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना का ऐलान फर्स्ट आने वाली छात्राओं को स्कूटी स्कूलों में खाली पदों पर भर्ती का ऐलान सीएम राइन स्कूलों के लिए 3230 करोड़ रुपये, महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 660 करोड़ ,आहार अनुदान योजना के लिए 300 करोड़, लाडली बहन योजना के लिए 7000 करोड़ ,लाडली लक्ष्मी योजना के लिए 929 करोड़ का प्रावधान।

इधर बजट भाषण के दौरान विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा था। इस पर शिवराज सिंह चौहान ने अपनी सीट से खड़े होकर विपक्ष से आग्रह किया कि जनता भी बजट को सुनना चाहती है। ऐसे में इस तरह शोर करना ठीक नहीं है। उन्होंने सदन में मौजूद विपक्ष के नेताओं से कहा कि वो बाद में भी अपना विरोध जता सकते हैं। विपक्ष बजट भाषण में खलल ना डाले।बजट भाषण के बीच में ही कांग्रेस ने वॉक आउट भी किया है।

### यह अमृतकाल का बजटः गृहमंत्री

बजट पेश करने से पहले बजट के अनुमोदन के बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि यह अमृतकाल का बजट है। यह बजट एमपी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए होगा। यह एमपी की जनता के जीवन में बदलाव लाएगा। यह जनहितैषी और कल्याणकारी बजट है।

### वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया बजट

एमपी सरकार का बजट पेश कर दिया गया है। यह शिवराज सरकार के चौथे कार्यकाल का आखिरी बजट है। साल 2023-2024 का बजट शिवराज सरकार ने विधानसभा में पेश कर दिया है। जगदीश देवड़ा ने कहा कि देश के विकास में शिवराज सिंह के नेतृत्व में प्रदेश भी अपना योगदान दे रहा है।

### शिवराज के बजट से पहले महंगाई का विरोध

मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार के बजट से पहले विधानसभा में हंगामा भी हुआ। विपक्ष ने गैस की कीमत बढ़ाए जाने का विरोध किया। विधानसभा के बाहर सिलिंडर लेकर पहुंचे विधायक सिलिंडर के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। इनकी मांग थी कि सरकार महिलाओं को 500 रुपये गैस की सब्सिडी दे।

### युवा शक्ति के सपनों को मिलेंगे पंख, किसान होंगे खुशहालः सिलावट

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मध्यप्रदेश के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह सही मायने में जनता का बजट है। यह अमृतकाल में विकास और समृद्धि की अमृत वर्षा करने वाला बजट है। बजट से युवाओं को उनके सपने पूरा करने के लिए उड़ान मिलेगी। सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश बजट में सभी वर्ग का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि खास बात यह रही कि प्रदेश में पहली बार ई-बजट पेपरलेस पेश किया गया। इसके अलावा राज्य की जनता का ध्यान रखते हुए नया टैक्स नहीं लगाने का प्रावधान किया है। सिलावट ने बताया कि सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण व संधारण के लिए बजट में 11 हजार 49 करोड़ प्रस्तावित है।

मंत्री ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए बनाई गईं योजनाएं उनके लिए वरदान साबित होंगी। बालिका स्कूटी योजना छात्राओं को पढ़ाई के लिए प्रेरित करेंगी। इसके तहत 12वीं कक्षा में टॉपर छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। एक लाख युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल एप्रेन्टिसशिप योजना के तहत इंटर्नशिप दी जाएगी। जिससे युवाओं को रोज़गार मिल सके। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना महिलाओं के लिए मददगार साबित होगी। इसके तहत बहनों को हर माह एक हजार रुपये दिए जाएंगे...

### प्रदेश के समावेशी विकास का परिचायक है बजटः राजपूत

राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट आम आदमी का बजट है। बजट में महिलाओं को विशेष रूप से सम्मान दिया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद प्रदेश में बहनों के सम्मान को बढ़ाने के लिये लाड़ली बहना योजना के लिये 8 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। यह महिलाओं के सम्मान के लिए सबसे बड़ा बजट है। बजट में आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश को दृष्टिगत रखते हुये विभिन्न योजनाएँ मिशन मोड में प्रांरभ की गई है। बजट का लक्ष्य महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीब वर्ग, आम जनता को नई शक्ति देने एवं नई दिशा की ओर ले जाने का प्रयास किया गया है।

राजपूत ने कहा कि बजट में सरकार ने सर्वाहारा वर्ग का ध्यान रखा है। बेरोजगारों और किसानों के लिए विशेष प्रावधान किये गये है। बजट में अनुसूचित जाति के सम्मान को गौरवान्वित करने के लिए 100 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है, जिससे सागर में संत रविदास का मंदिर का निर्माण किया जायेगा। यह विश्व का इकलौता संत रविदास मंदिर होगा। बजट में अनुसूचित जनजाति वर्ग का भी ध्यान रखा गया है। इस वर्ग के 36 हजार 950 करोड का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में ई-वाहनों के चलन को बढ़ावा देने का फैसला किया है। प्रदेश की प्रतिभावान बेटियों को ई-स्कूटी प्रदान की जाएगी।




# शिवराज मामा ने दिया बजट में आम जनता के हाथ में झुनझुना- जिला युवा कांग्रेस

## युवा कांग्रेस ने व्यापारियों को सरकार का बजटरूपी झुनझुना बाटा

उज्जैन/ जन प्रकाशन

आज मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अपना बजट पेश किया जिसे जनविरोधी व आधारहीन बजट बताकर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष भरत शंकर जोशी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया बजट का विरोध अनूठे अंदाज में ठेले पर झुनझुनो की टोकरिया रखकर व कार्यकर्ताओं ने हाथो में नारे लिखी तखतिया लेकर गुदरी चौराहे से गोपाल मंदिर होते हुए कंठाल चौराहे तक प्रदर्शन किया व वहा के व्यापारियों को बजट रूपी झुनझुना बाटे इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की

जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेश साद ने बताया की प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के सेकडो साथी उपस्थित थे जिला अध्यक्ष जोशी ने कहा की विगत 18 वर्षो से शिवराज की भाजपा सरकार मध्यप्रदेश के नागरिकों से बजट के नाम पर छलावा करती आ रही है इस वर्ष भी जो बजट सरकार ने पेश किया इसमें आम आदमी, छोटे व्यापारी, बेरोजगार युवा, घरेलू महिलाओं के लिए कोई राहत नहीं है जब बच्चा रोता है तो उसे चुप कराने के लिए उसके हाथ में झुनझुना पकड़ा दिया जाता है ठीक उसी प्रकार मामा ने बजट रूपी झुनझुना आमजन को पकड़ दिया है जोशी



ने आरोप लगाते हुए बजट प्रतिक्रिया में कहा है कि झूठी सरकार का झूठा बजट है। सरकार सिर्फ झुनझुना बजाना, बजवाना जानती है। घोषणाएं तो पहले भी हुईं, बजट में प्राविधान भी किया मगर आज तक न शिप्रा नदी का पानी शुद्ध हुआ, ना गनर्वमेंट मेडिकल कालेज, पोहा क्लस्टर, प्लास्टिक क्लस्टर खुला। मलखंभ अकादमी की स्थापना भी नहीं हुई। ऐसी कई दर्जनों घोषणाएं हैं जो सिर्फ घोषणाएं बनकर रह गई। ये सरकार भूमि पूजन करती है, काम कर रहे हैं बताती है, मगर काम करती नहीं।

प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी भरत पंड्या, पार्षद अर्पित दुबे, ओम प्रकाश रामी, हाकम सिंह पटेल, राहुल गहलोत, मुख्तियार हुसैन, ललित सेठी, धन सिंह बापू, कालू पटेल,सादिक कुरेशी, फिरदोस पठान, रवि यादव, विशु यादव, पुरषोत्तम कहार, इस्माइल खान, अभिषेक देवड़ा, यश चौहान, सुमित पोरवाल, सुमित शर्मा, जमील अहमद, रफीक अहमद, सोहेल अहमद कुरेशी, बंटी शाह, सारिक मस्तान, अश्विन परमार, हर्ष नामदेव, अविनाश घावरी, विकास घावरी, साकिर खान, विजय शर्मा, नदीम शाह, जुबेर मेव, सुनील चौधरी, कृष्णा परमार, ईशान राजावत, सागर गुंजाल, राजेश पीलिया, मनोज सोनी, संजय श्रीवास्तव, शुभम लोदवाल प्रजापति, राजवीर राणा, सोहेल जैदी, छोटू नेता, जुबेर खान, मोहमद कैफ, नीतिक जैन, अभय भूर्त, अर्जुन परमार, आकाश चंद्रवत, शुभम बारोड़, चेतन चौधरी, नाजिम कुरेशी, अरबाज खान, अर्जुन परमार, राम पोरवाल, संजय श्रीवास आकाश चंद्रावत आदि उपस्थित थे ।

# मेयर इन कौंसिल में शहर के विभिन्न विकास कार्यो के अंतर्गत लगभग 200 करोड से अधिक के विकास कार्यो की स्वीकृति

**शहर के प्रवेश स्थलो पर बनेगे प्रवेश द्वार, प्रथम चरण में उज्जैन रोड व धार रोड पर द्वार निर्माण की स्वीकृति**

**वल्लभ नगर एवं महुनाका स्थित निगम मार्केटो को रिडेव्हलपमेंट की स्वीकृति**

**निगम के विनियमित कर्मचारियो को सेवानिवृत्त होने अथवा सेवा में रहते हुए, मृत्यु होने पर मिलेगा ग्रेच्युटी का लाभ**

इंदौर/ जन प्रकाशन



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 925 ईडब्ल्युएस व एलआईजी हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन करते हुए, हितग्राहियो को लगभग 4.50 करोड से अधिक की रजिस्ट्री शुल्क में छूट

इंदौर दिनांक 28 फरवरी 2023। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में मेयर इन कौसिंल की महापौर सभाकक्ष में बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त प्रतिभा पाल, महापौर परिषद सदस्य अश्विन शुक्ल, निरंजनसिंह चौहान, नंदकिशोर पहाडिया, अभिषेक शर्मा, राजेश उदावत, मनीष शर्मा मामा, राकेश जैन, प्रिया डांगी, समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, विभाग प्रमुख, व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि मेयर इन कौंसिल की बैठक में इंदौर शहर के महत्वपूर्ण शहरो से जोड रहे मार्गो पर प्रवेश द्वार निर्माण के तहत प्रथम चरण में राशि रूपये 3.39 करोड की लागत से उज्जैन रोड व धार रोड पर प्रवेश द्वार निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। निगम के विनियमित कर्मचारियो के लिये मुत्यु-सह सेवानिवृत्ति भुगतान अधिनियम 1972 के प्रावधान अनुसार विनियमित होने की दिनांक से सेवानिवृत्त होने अथवा मुत्यु होन की दशा में शासन के प्रावधान अनुसार ग्रेच्युटी देने की स्वीकृति दी गई, जिससे निगम के विनियमित कर्मचारियो के सेवानिवृत्त होने पर अथवा सेवा में रहते हुए, मुत्यु होने की दशा में (मृतक के वारिस को) अनुमानित लगभग 3 लाख की ग्रेच्युटी प्राप्त हो सकेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 925 ईडब्ल्युएस व एलआईजी हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन करते हुए, हितग्राहियो को लगभग 4.50 करोड से अधिक की रजिस्ट्री शुल्क में छूट प्राप्त होगी। इसके साथ ही मेयर इन कौंसिल में शहर के विभिन्न विकास कार्यो के अंतर्गत लगभग 200 करोड से अधिक के विकास कार्यो की स्वीकृति दी गई।

इसके साथ ही मेयर इन काउसिंल की बैठक में सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाडिया की अनुशंसा पर पंचम की फेल बस्ती का नाम संत श्री बालीनाथ नगर किये जाने के प्रस्ताव को भी वीकृति दी गई, साथ ही बालदा कालोनी का नाम बालकृष्ण कालोनी किये जाने की स्वीकृति, साथ ही सिरपुर तालाब परिसर में स्वामी श्री विवेकानंद जी का मेमोरियल बनाने, बिलावली तालाब पर वॉटर स्पोर्टस की फेसिलिटी के लिये प्लान बनाने की स्वीकृति, वल्लभ नगर एवं महुनाका स्थित निगम मार्केटो को रिडेव्हलपमेंट करने हेतु कार्य योजना बनाने की स्वीकृति साथ ही निगम के अन्य मार्केट जिनका रिडेव्हलपमेंट किया जाना है के संबंध में भी सर्वे करने के निर्देश दिये गये।

मेयर इन काउसिंल बैठक में झोन क्र. 18 वार्ड क्रमांक 53 के अन्तर्गत नव निर्माणाधीन 1.50 कि.ली. क्षमता की पानी की टंकी के कमाण्ड क्षेत्र डी.एम.ए.-1 के लिए जलवितरण हेतु 110, 160, 200 एवं 315 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाईन एवं 400 व्यास की डी.आई. पाईप लाईन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं चेम्बर निर्माण कार्य, रोड रेस्टोरेशन का कार्य एवं अन्य समस्त कार्यो राशि रुपये 2,18,64,147/-, इंदौर शहर के राउ जंक्शन में एमएम इनक्लाइ।ड एंड आउट कोटेड नर्मदा वॉटर सप्लाई ग्रेविटी मेन 1500, 1748 मिमीत्र व्यास की लाइन बिछाने व जोडने संबंधित कार्य 5,66,45,942/-, झोन क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 79, 82, 84 एवं 85 के अन्तर्गत विदुर नगर पानी की टंकी क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न कालोनियों में 400 एम.एम. व्यास की डी.आय. एवं 110 से 315 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाईन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग के साथ अन्य समस्त कार्यो राशि रुपये 3,20,54,678/-, खजराना चौराहा के प्रस्तावित फ्लाय ओव्हर के अलाईमेन्ट में आ रही वॉटर सप्लाय लाईन को शिफ्ट करने राशि रुपये 3,94,02,041/-, खजराना चौराहे पर फ्लाय ओव्हर के निर्माण में बाधक सीवर लाईन शिफ्टिंग किये जाने राशि रुपये 4,52,52,857/-, झोन क्रमांक 07 के पीछे एल.आय.सी. भूमि के पास प्लाट क्रमांक-सी की कम्युनिटी हॉल के लिये रिक्त भूमि (पार्क के आरक्षित भूमि को छोड़कर) पर स्पोर्ट्स काम्पलेक्स निर्माण कार्य की स्वीकृति राशि रुपये 5,99,19,663/-, झोन क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 07 अन्तर्गत जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा पुलिया तक से टोरी कॉर्नर चौराहे तक इंदौर विकास योजना 2021 अनुसार 24 मीटर सड़क चौड़ीकरण कर रोड़ का निर्माण कार्य राशि रुपये 454.88 लाख, विधानसभा क्षेत्र 03 अन्तर्गत अग्रसेन चौराहा से नवलखा चौराहा से तीन ईमली तक (सड़क मार्ग का सौन्दर्यीकरण) के कार्य राशि रुपये 740.00 लाख, नगर निगम द्वारा संचालित रीजनल पार्क में पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशीप पी.पी.पी. मॉडल पर एम्युजमेन्ट पार्क का विकास करना एवं पार्क का नवीनीकरण करने के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

मेयर इन काउसिंल की बैठक में झोन 06 वार्ड 24 सुभाष नगर में झोनल कार्यालय के पीछे राय धर्मशाला के सामने निगम के पुराने शेड के स्थान पर सार्वजनिक इन्डोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का निर्माण करने राशि रुपये 234.07 लाख, रीगल चौराहा से मधुमिलन चौराहा तक सड़क मार्ग का सौंदर्यीकरण करने राशि रुपये 3,94,93,015/-, वार्ड क्रमांक 43 के अन्तर्गत जंजीर वाले चौराहे से न्यू पलासिया इण्डस्ट्री हाउस के मध्य स्थित पुल का चौड़ीकरण कार्य राशि रुपये 4,41,23,955/-, इन्दौर बायपास का राऊसर्कल से डी.पी.एस. स्कूल तक (एक तरफ) दो लेन सीमेन्ट कांक्रीट सर्विस रोड़ निर्माण, पुल/पुलिया चौड़ीकरण पूर्व से निर्मित ड्रेन को कव्हर करना एवं इलेक्ट्रिक लाईन शिफ्टिंग कार्य करने राशि रुपये 77,06,43,827/-, तिलक नगर श्री कृष्ण पब्लिक स्कुल से गोयल नगर पानी की टंकी तक सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करने राशि 8,51,85,390/-, अन्नपूर्णा रोड़ से रिंगरोड (सुदामा नगर एवं विश्वकर्मा नगर के मध्य) को जोड़ने वाली सड़क का विकास कार्य करने राशि रुपये 16,60,41,795/-, मुख्यमंत्री नगरीय क्षैत्र अधोसंरचना निर्माण योजनाओं के अन्तर्गत मधुमिलन चौराहे का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य करने राशि रुपये 4,46,27,930/-, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर पालिक निगम, इन्दौर द्वारा ग्राम कनाड़िया पर निर्माणाधीन गुलमर्ग परिसर तक हितग्राहियों के सुगम आवागमन हेतु बिचौली मर्दाना रोड से परिसर तक सड़क निर्माण कार्य राशि रुपये 389.77 लाख, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर पालिक निगम, इन्दौर द्वारा ग्राम कनाड़िया पर निर्माणाधीन लाईट हाउस प्रोजेक्ट, इन्दौर तक सड़क निर्माण राशि रुपये 565.62 लाख, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ग्राम सिन्दोडा रंगवासा में निर्मित किये जा रहे आवासीय/परिसरों (ताप्ती परिसर-1,2,एवं 3) में बाह्य विद्युत व्यवस्था हेतहु 33/11 के.वी. सबस्टेशन एवं 33 के.वी. ट्रान्सफार्मर स्थापित करने कुल राशि रुपये 6,95,66,786/-, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ग्राम सिन्दोडा रंगवासा फेस-1 एवं पालदा पर निर्माणाधीन आवासीय इकाईयों में फिफ्ट लगाये जाने के कार्य राशि रुपये 3,03,65,914/-, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ग्राम सिन्दोडा रंगवासा फेस-2 एवं फेस-3 पर निर्माणाधीन आवासीय इकाईयों में लिफ्ट लगाये जाने के कार्य राशि रुपये 15,84,50,192/- की स्वीकृति प्रदान करते हुए, अन्य प्रकरणो पर भी चर्चा कर निर्णय किये गये।

# सरफराज के पास से किसी भी तरह के संदिग्ध साक्ष्य नहीं मिले

**इंदौर में सरफराज से 30 बिंदुओं पर हुई पूछताछ, 5 विभागों ने की है पूछताछ**

इंदौर/ जन प्रकाशन

**चंकि बाजपेयी।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में एनआईए को मिले ईमेल के बाद चंदन नगर में रहने वाले सरफराज से इंदौर इंटेलिजेंस ब्यूरो सहित कई विभागों द्वारा 30 से अधिक बिंदुओं पर पूछताछ के बाद सरफराज को उसके परिवार के सुपुर्द किया गया है सरफराज के पास से किसी भी तरह के संदिग्ध गतिविधियों के कोई भी साक्ष्य नहीं मिले हैं...।

दरअसल इंदौर में रहने वाले सरफराज नामक व्यक्ति को इंटेलिजेंस ब्यूरो द्वारा संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने की आशंका को लेकर पूछताछ के लिए बुलाया गया था जिसके बाद सरफराज ने थाने पहुंचकर पूरे मामले में तमाम साक्ष्य और कई बिंदुओं पर पुलिस के सवालों के जवाब दिए और उसके बाद इंटेलिजेंस ब्यूरो सहित एनआईए व मध्यप्रदेश सहित मुंबई एटीएस के अधिकारियों द्वारा 30 बिंदुओं पर सरफराज से पूछताछ की गई जिसमें सरफराज से सभी बिंदुओं का जवाब देते हुए उसके द्वारा उनका और चाइना में रुकने के कारण भी बताएं और कई दस्तावेज भी अधिकारियों के सुपुर्द किए हैं जिसके बाद अधिकारियों ने संतुष्ट होकर सरफराज को उसके घर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है तो वहीं अधिकारियों का कहना है कि सरफराज के पास से अभी तक किसी भी तरह का संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं लेकिन उसके दस्तावेज की जांच की जा रही है यदि कहीं आवश्यकता लगती है तो सरफराज को दोबारा से पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि सरफराज का उसकी चाइना में रहने वाली पत्नी से तलाक को लेकर विवाद चल रहा है और उसी के वकील द्वारा उसे फंसाने के उद्देश्य से इस तरह का ऑनलाइन मेल एनआईए को भेजा जिससे कि सरफराज की मुश्किलें बढ़ जाएं फिलहाल इस और भी इंटेलिजेंस ब्यूरो सहित तमाम सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हुई है।

## संदिग्धता साक्ष्य सहित नहीं प्राप्त हुए हैं



**इंदौर में एनआईए सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर 30 बिंदुओं पर पूछताछ की गई है और उसके पासपोर्ट के साथ अन्य दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है फिलहाल उसके पास से किसी भी तरह के कोई संदिग्ध साक्ष्य के साथ पूछताछ में कोई भी एविडेंस नहीं प्राप्त हुए हैं इस कारण से उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में जांच अभी जारी है।**

■ रजत सकलेचा, डीसीपी इंटेलिजेंस

"**जन प्रकाशन**" समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से सम्बंधित
विवरण घोषणा फार्म-4
(नियम-3 देखिए)

| | |
|---|---|
| (1) प्रकाशन स्थल | : स्कीम नंबर-78, स्लाईस नं.-5,नई सड़क, : इंदौर (म. प्र.) |
| (2) प्रकाशन की अवधि | : साप्ताहिक |
| (3) मुद्रक का नाम | : मनोज कुमार चौबे |
| क्या भारत का नागरिक है | : हॉ |
| पता | : स्कीम नंबर-78, स्लाईस नं.-5,नई सड़क, : इंदौर (म. प्र.) |
| (4) प्रकाशक का नाम | : मनोज कुमार चौबे |
| क्या भारत का नागरिक है | : हॉ |
| पता | : स्कीम नंबर-78, स्लाईस नं.-5,नई सड़क, : इंदौर (म. प्र.) |
| (5) संपादक का नाम | : मनोज कुमार चौबे |
| क्या भारत का नागरिक है | : हॉ |
| पता | : स्कीम नंबर-78, स्लाईस नं.-5,नई सड़क, : इंदौर (म. प्र.) |
| (6) उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो | : **मनोज कुमार चौबे** |

मैं **मनोज कुमार चौबे** एतद व्दारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपर दिये गये विवरण सत्य एवं सही है।

**हस्ताक्षर**
**मनोज कुमार चौबे**
**(प्रकाशक/मुद्रक)**

**स्थान : इंदौर (म. प्र.)**
**दिनाँक : मार्च 2023**

# एयरपोर्ट से सिर्फ 200 मीटर दूर बनेगा मेट्रो स्टेशन

## सांसद शंकर लालवानी ने एयरपोर्ट और मेट्रो के बीच बनवाई सहमति

इंदौर/ जन प्रकाशन

इंदौर के देवी अहिल्या एयरपोर्ट के पास सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर मेट्रो स्टेशन बनेगा। सांसद शंकर लालवानी ने एयरपोर्ट का दौरा कर एयरपोर्ट और मेट्रो के बीच सहमति बनवाई जिसके बाद एयरपोर्ट के पास बनने वाले मेट्रो स्टेशन की जगह तय हो गई है।

दरअसल, इंदौर मेट्रो एवं एयरपोर्ट के बीच ये मामला काफी दिनों से अटका हुआ था और अब एयरपोर्ट पर मेट्रो स्टेशन का काम शुरू होने का रास्ता खुल गया है।

सांसद शंकर लालवानी ने मंगलवार को एयरपोर्ट पर विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक की और इस मसले को सुलझा लिया गया। सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर एयरपोर्ट के पास प्रस्तावित स्टेशन की जगह देखी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि एयरपोर्ट इंदौर मेट्रो एवं प्रशासन के बीच मेट्रो स्टेशन को लेकर कुछ दिक्कतें थी और सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर इस मामले को सुलझा लिया है। अब जल्द ही एयरपोर्ट के पास मेट्रो स्टेशन का काम शुरू होगा। सांसद लालवानी ने बताया की इंदौर एयरपोर्ट के आगमन व प्रस्थान के बीच से मेट्रो स्टेशन के लिए रास्ता होगा और सिर्फ 200 मीटर चलकर मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट पहुंचा जा सकेगा। साथ ही, यात्रियों की सुविधा के लिए यहां पर ट्रैवलेटर भी लगाए जाएंगे जिससे लगेज के साथ यात्रियों को एयरपोर्ट आने एवं एयरपोर्ट से जाने में दिक्कत है नहीं होगी।

इस बैठक में एयरपोर्ट डायरेक्टर रविन्द्रन, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर शर्मा, इंदौर मेट्रो के महाप्रबंधक अजय कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक अनिल जोशी एवं जनरल कंसलटेंट के आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर उपस्थित थे।

# स्कॉलरशिप के प्रकरणों को लेकर कलेक्टर सख्त

# प्राथमिकता निराकरण करने के निर्देश

## स्कॉलरशिप वितरण में लापरवाही तथा देरी करने वाले कालेजों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई



इंदौर/ जन प्रकाशन

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिए हैं कि इंदौर जिले के कॉलेजों में शिविर लगाकर स्कॉलरशिप के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। स्कॉलरशिप वितरण में लापरवाही तथा देरी करने वाले कॉलेजों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित स्कॉलरशिप वितरण कार्य की कॉलेज वार प्रगति की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अजयदेव शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कॉलेजों के प्राचार्य तथा स्कॉलरशिप वितरण के नोडल अधिकारी और लिपिक मौजूद थे।कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि स्कॉलरशिप के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाए। डाटा अपलोड, वेरीफिकेशन तथा स्वीकृति का कार्य तुरंत हो। स्कॉलरशिप आवेदनों की स्वीकृति तथा वितरण की सभी प्रक्रिया विशेष रूचि के साथ की जाए। स्कॉलरशिप वितरण में लापरवाही तथा देरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में बताया गया कि स्कॉलरशिप के लिए हार्ड कॉपी नहीं ली जाए। विद्यार्थी की जानकारी एमपी टॉस पोर्टल पर रहती है उसी आधार पर छात्रवृत्ति वेरिफिकेशन, स्वीकृति की कार्रवाई की जाए। बैठक में भ्रामक जानकारी देने पर सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को वितरित की जा रही छात्रवृत्ति वितरण की कॉलेजवार प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में स्कॉलरशिप की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा कॉलेजों में आ रही परेशानियों का समाधान किया गया।

# बिजली वितरण कंपनी का 18551 करोड़ का बजट पारित

## ऊर्जा सचिव व संचालकों ने लगाई बजट पर मुहर

## बिजली खरीदी पर सर्वाधिक व्यय 16520 करोड़ व्यय होगा



इंदौर/ जन प्रकाशन

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर का वर्ष 2023-24 का बजट मंगलवार को संचालक मंडल की पोलोग्राउंड मुख्यालय सभागार में हुई बैठक में प्रस्तुत किया गया। इस बजट पर प्रदेश के ऊर्जा सचिव व कंपनी के चेयरमैन रघुराज एम.आर. तथा अन्य संचालकगणों ने स्वीकृति दी। आगामी वित्तीय वर्ष के कुल 18551 करोड़ रूपए के बजट की विधिवत मंजूरी दी गई है।

बिजली वितरण कंपनी के संचालक मंडल की बैठक में ऊर्जा सचिव रघुराज एम.आर, उपसचिव मप्र ऊर्जा विभाग वीके गौड़ (भोपाल से दोनों वर्चुअल), बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर, संचालकगण आईआईटी इंदौर से डॉ. अरूणा तिवारी, आईआईएम इंदौर के डॉ. प्रशांत सालवन, एसजीएसआईटीएस के डॉ. राकेश सक्सैना आदि की मौजूदगी में हुई। इसमें 18551 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया। इसे सर्व संचालकों की सहमति से पारित किया गया। बजट में सबसे ज्यादा बिजली खरीदी एवं पारेषण व्यय 16520 करोड़, कर्मचारी वेतन एवं पेंशन आदि व्यय 1135 करोड़, मीटरीकरण, नए ग्रिड, ट्रांसफार्मर, लाइनों पर व्यय 337 करोड़, मैंटेनेंस एवं रिपेयरिंग व्यय 217 करोड़ का होगा। पुराने कमर्शियल वाहनों की बजाए नए प्रावधानों के अनुसार नए वाहनों के लिए और उपभोक्ता सेवाओं को बढ़ाने के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य, कार्यपालक निदेशक मनोज झंवर, संजय मोहासे, गजरा मेहता, मुख्य वित्त अधिकारी नरेंद्र बिवालकर, उप निदेशक बजट डॉ. शैलेष कर्दम, कंपनी सचिव आराधना कुलकर्णी आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

# इंदौर में हाई राइज बिल्डिंग में आग बुझाने के लिए एक भी वाहन नहीं

## 35 लाख के मेंटेनेंस के अभाव में धूल खा रहा फायरविभाग में वाहन

**मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में चहुमुखी और विकास के साथ कई तरह के आयात निर्मित किए जा रहे हैं लेकिन अगर बात की जाए शहर में सुरक्षा की तो आगजनी की घटना को रोकने के लिए लाखों रुपए की कीमत की हाईराइज बिल्डिंगों में आगजनी की घटना को रोकने वाले वाहन की तो वह अभी भी वर्षों से कबाड़ स्थिति में ही खड़ा हुआ है जिसके मेंटेनेंस के लिए 30 से 35 लाख रुपए का खर्च करने को लेकर शासन ने मंजूरी दी है....।**



चंकि बाजपेयी
सिटी रिपोर्टर

इंदौर/ जन प्रकाशन

दरअसल इंदौर शहर में विकासशील शहरों की गिनती में आने के लिए कई क्षेत्रों में हाईराइज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है 20 से 30 मंजिले की निर्मित बिल्डिंगों में जहां एक और नगर निगम और शासन की ओर से अग्निशमन को लेकर जांच के बात एनओसी जारी होती है तो वहीं दूसरी और यदि इन बिल्डिंगों में अगर आगजनी की घटना होती है तो उसे बुझाने के लिए इंदौर शहर के फायर ब्रिगेड विभाग के पास केवल 20 वें माले की आग को नीचे से देखने के अलावा कोई भी साधन नहीं है 304 माले पर ही आगजनी की घटना में कई बार फायर ब्रिगेड के कर्मचारी वाहनों से प्रेशर के साथ पानी चढ़ाते हैं लेकिन उसके बावजूद भी वहां तक पानी नहीं पहुंच पाता है यदि बात की जाए उपकरण की तो फायर ब्रिगेड के पास 2007 में लाखों रुपए की लागत से एक फायर वाहन उपलब्ध कराया गया था जिसमें सीढ़ियां लगी हुई थी जोकि कई मंजिलों तक आगजनी की घटना को काबू पाने के लिए पर्याप्त थी लेकिन मेंटेनेंस और अनदेखी के कारण वह वाहन 17 वर्षों से केवल मेंटेनेंस का ही इंतजार कर रहा है वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि 2007 में इसका मेंटेनेंस 2 लाख बताया गया था तो वहीं 2023 में इसका मेंटेनेंस 35 लाख रुपए बताया जा रहा है जो कि 10 सालों तक निरंतर गाड़ी चालू रहेगी तो वही अधिकारियों का कहना है कि शासन द्वारा इंदौर में 5 फायर स्टेशन संचालित हो रहे हैं जिनमें 150 से अधिक फायर कर्मचारी 85 फायर वाहनों के साथ शहर की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहते हैं शासन के माध्यम से नगर निगम को 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है लेकिन अभी तक फायर स्टेशनों के लिए यह राशि नगर निगम द्वारा अभी उपलब्ध नहीं कराई गई है आने वाले समय में चार अन्य स्थानों पर आबादी के अनुसार फायर स्टेशन निर्माण करने के लिए पत्राचार किया जा रहा है जो कि आने वाले दिनों में विभिन्न स्थानों पर फायर स्टेशन निर्मित होंगे ताकि शहर को पूरी तरह से कवर किया जा सके।



# हमारा प्रयास है कि निगम बजट जनता की सुविधा के अनुरूप बने : महापौर

## शहर विकास एवं बजट पर परिचर्चा में प्रबुद्धजनों ने दिए अपने सुझाव

उज्जैन/ जन प्रकाशन








शहर के विकास एवं निगम बजट में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गुरूवार को वरिष्ठ राजनेताओं, शिक्षाविदों, सी.ए., उद्योगपति, व्यापारी, पत्रकार, प्रबुद्ध समाजजनों से महापौर मुकेश टटवाल द्वारा चर्चा करते हुए सुझाव प्राप्त करते हुए महापौर टटवाल ने कहां कि हमारा प्रयास है कि हम सब मिलकर निगम बजट जनता की सुविधा के अनुरूप बनाए।

नगर पालिक निगम के वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट शहर की जनता के अनुरूप होगा, इसके लिए गुरूवार को महापौर मुकेश टटवाल ने वरिष्ठ राजनेताओं, शिक्षाविदों, सी.ए., उद्योगपति, व्यापारी, पत्रकार, प्रबुद्ध समाजजनों के साथ शहर विकास के साथ ही निगम बजट पर चर्चा करतु हुए सुझाव प्राप्त किए। सर्वप्रथम परिचर्चा का प्रथम सत्र श्री गंगा होटल में वरिष्ठ राजनेताओं जिसमें भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए और अपने सुझाव रखे। सत्र का शुभारंभ केन्द्रीय संसदीय समिति सदस्य सत्यनारायण जटीया, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापती कलावती यादव राज्यसभा पूर्व सांसद मनोहर बैरागी, नारायण सिंह केसरी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। केन्द्रीय संसदीय समिति सदस्य सत्यनारायण जटीया ने सत्र को संबोधित करते हुए कहां कि हम जो सुझाव दे रहे है उन पर अमल करना हमारा कर्तव्य है, इसी से शहर विकास संभव हो सकेगा। आज हम शहर विकास पर विचार मंथन कर रहे है।

महापौर टटवाल ने अपने उद्बोधन में कहां कि आज हम सब यहां उज्जैन के विकास कार्यो के साथ ही निगम बजट पर विचार विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए है, हमारा प्रयास है कि हम निगम का ऐसा बजट तय करे जिससे शहर विकास के साथ ही जनता को सुविधाएं भी प्राप्त हो, उज्जैन शहर एक धार्मिक नगरी है यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का अगमन होता है हमारा दायित्व है कि हम उन्ह संस्कृति के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करा सके। निगम सभापति कलावती यादव ने कहां कि यह एक सरहानी कदम है कि हम सब एकसाथ बैठकर आपस में विचार विमर्श कर निगम बजट के साथ ही शहर विकास कर सकेगे। निगम आयुक्त रौशन कुमार सिंह ने निगम बजट की जानकारी देते हुए बताया कि निगम का कुल बजट 800 करोड का है इसमें 50 करोड आय राजस्व वसूली से होती है 150 करोड़ शासन अनुदान से एवं 600 करोड़ विभिन्न योजनाओं से प्राप्त होता है, हमे राजस्व वसूली से आय बढ़ाने की आवश्यकता है इसके लिए सख्त कदम उठान पड़गे निगम आयुक्त द्वारा निगम की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के सूत्रधार अपर आयुक्त आदित्य नागर द्वारा किया गया साथ ही निगम की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से अवगत भी करवाया।

मनोहर बैरागी ने अपने विचार रखते हुए कहां कि निगम में आर्थिक संसाधनों की कमी है शहर में निगम की अनेक जगह सम्पत्ती है जहां हम कमर्शिलय निर्माण कार्य करते हुए उनसे आय प्राप्त कर सकते है, कालोनियों में बेतरतिब तरिके से निर्माण कार्य करते हुए नागरिको द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है ऐसी कालोनियों का निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण चिन्हीत कर हटाए जाए।

प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल जैन कालूखेड़ा ने कहा कि निगम की भूमि का उपयोग हो अधोसंरचना अन्तर्गत उन्नयन कर विकास कार्य किया जाए जिससे निगम आय में बढ़ोतरी होगी, जिला अध्यक्ष विवेक जोशी ने कहां कि स्वीकृति नक्शे के वितरित किए गए निर्माणों के लिए भवन स्वामि से कम्पाउण्डींग शुल्क जमा करवाया जाए, संजय अग्रवाल ने कहां कि शहर में ट्रांसपोर्ट नगर की आवश्यकता है इसके लिए विक्रम नगर रेल्वे स्टेशन के पास ट्रांसपोंट नगर बनाया जाए, यहां से तीनो उद्योगपुरी के साथ ही रेल्वे स्टेशन भी पास है। यूडीए पूर्व अध्यक्ष ने कहां कि सम्पत्तिका उपयोग निगम आय बढ़ाने में किस प्रकार हो सकता है उसका अध्ययन किया जाए, निगम स्वामित्व के कमर्शीलय काम्पलेक्स की छतों का भी उपयोग निगम आय बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती ने अपने सुझाव में कहां कि शहर में तीर्थ यात्रीयों की संख्या अधिक होने लगी है उन्हे अलग अलग भागों में बाटा जाए एवं सुविधा उपलब्ध करवाई जाए, तीर्थ स्थलों पर पार्किंग की कठिनाई है यह एक अति आवश्यक कार्य के की तिर्थ स्थलों पर श्रृद्धालुओं को पार्किंग की सुविधा प्राप्त हो, नगर निगम की नर्सरी है जो की अब गुमनाम है उसे डेवलप करते हुए आय बढ़ाई जा सकती है, कालोनियों में पार्षदों के माध्यम से नागरिकों को नर्सरी से जोड़ा जाए। अशोक प्रजापत ने इन्दौर की 56 दुकाने के तर्ज पर उज्जैन में 101 दुकाने बनाने एवं उन्हे 24 घण्टे चालु रखने का सुझाव दिया साथ ही गंभीर पर चौकी स्थापित कर निगरानी करने को कहां ताकि पानी चोरी पर रोक लग सके।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भादौरिया ने सुझाव देते हुए कहां कि गोपाल मंदिर पुराने नगर निगम भवन में मार्केट का निर्माण कराते हुए उसका संचालन निगम द्वारा किया जाए, उसका प्रायवेटीकरण ना करे, शहर की यातायात व्यवस्था सुधारना अत्यन्त आवश्यक है, महाकाल मंदिर में शहर की जनता के लिए अलग से दर्शन व्यवस्था निर्धारित की जाए। पूर्व पार्षद अनन्तनाराण मीणा ने अपने सुझाव रखते हुए कहां कि निगम आय कैसे बढ़े इस पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है गोपाल मंदिर स्थित पुराने नगर निगम भवन को डेवलप करते हुए वहां काम्पलेक्स, मॉल इत्यादी बनाया जाए जिससे आय में बढ़ोतरी होगी, आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए कोयला फाटक से तेलीवाड़ा, गाडी अड्डा से बुधवारिया, एमआर 5 से अंकपात को जोडने वाले मार्गो का चौडीकरण किया जाना चाहिए इस हेतु बजट में प्रावधान किया जाए। पूर्व पार्षद राजेन्द्र वशिष्ठ ने अपने विचार रखते हुए कहां कि प्रत्येक वार्ड में टाटा द्वारा खोदी गई सडकों के संधारण के लिए बजट में प्रावधान किया जाए, पेयजल के लिए हम एक मात्र गंभीर डेम पर निर्भर है इसके लिए संसाधानों पर ध्यान देना आवश्यक है। क्षिप्रा में मिल रहे कान्ह नदी के पानी को रोकने के लिए सुझाव देते हुए बताया कि त्रिवेणी के छोटे ब्रिज पर स्टाप डेम बनाकर कान्ह का पानी रोक सकते है, शहर को एक अन्य डेम की आवश्यकता है इसके लिए शासन से पत्राचार किया जाए। नूरी खान ने शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव अन्तर्गत विश्वकीर्तिमान रचने की बधाई देते हुए अपने सुझाव रखते हुए कहां कि उज्जैन शहर धार्मिक एवं पवित्र नगरी है इसको कायम रखना हम सबका कर्तव्य है, गलियों की नालियों के संधारण एवं रख रखाव के लिए बजट तय किया जाए, गौशला के लिए बजट तय हो एवं वहां कि गोबर एवं दुध से निगम आय प्राप्त कर सकता है, वार्डों में महापौर सहायता केन्द्र, बर्तन बैंक की सुविधा हो शहर के ट्राफिक व्यवस्था के लिए प्लान तैयार किया जाए। विवेक यादव ने कहां कि नगर निगम द्वारा कोयला फाटक निगम मुख्यालय के पास रिक्त स्थान पर छोटी दुकानो का निर्माण करते हुए उन्हे व्यापारियों को किराए पर दिया जाए जिससे निगम आय में वृद्धी होगी एवं अन्य शासकीय विभागों के वाहनों में भी निगम पेट्रोल पंप से पेट्रोल डीजल डालने की व्यवस्था की जाए, योगेश शार्मा ने शहर में यातायात व्यवस्था हेतु किए जा रहे कार्यो में महाकाल मंदिर प्रबंध समिति से सहयोग लेने के लिए कहा।

द्वितीय सत्र होटल सालिटियर में शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, उद्योगपति, सी.ए, अभिभाषक, डॉक्टर इत्यादी वर्ग के प्रबुद्धजनों से शहर विकास एवं निगम बजट पर चर्चा की गई यहां पर महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त द्वारा निगम आय एवं व्यय के संबध में जानकारी दि गई, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति विजय कुमार सी.जी. ने अपने विचार रखते हुए इस अनुपम पहल की सभी को बधाई देते हुए कहां कि हमे पर्यावरण की दृष्टि से बजट में प्रावधान करना चाहिए, पालिथिन प्रतिबंध के लिए जनजागरण करना चाहिए। सत्र में ओम जैन, डॉ. अविनाश, डॉ. जितेन्द्र भटनागर, डॉ. प्रदीप व्यास, डॉ. सुशील गुप्ता, सुरेन्द्र अरोरा, उल्लास वैद्य, चन्द्रशेखर, डॉ. वेदमाला छांछड, ओम प्रकाश गुप्ता, वी.के. दास, सी.ए. संजय अग्रवाल, वसुंधरा जैन, राजेश गर्ग के साथ ही अन्य प्रबुद्धजनों में अपने विचार रखते हुए कहां कि शहर में चौपाटी डेवलप की जाए एवं वहा पर ठैलो वालो को स्थान आवंटित किया जाए, उद्यानों, चौराहो, रोटरीयों को गोद लिया जाए, सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाए, थूकने पर जुर्माना लगाया जाए, कालोनियों पर सड़को पर पार्क किए जाने वाले वाहनो पर शुल्क लगाया जाए, महाकाल मंदिर में लाईट एण्ड साउण्ड प्रोग्राम प्रारंभ किया जाए एवं उसको देखने के लिए शुल्क निर्धारित किया जाए, महाकाल मंदिर क्षेत्र में मल्टिलेवल पार्किंग बनाई जाए, क्षिप्रा नदी में क्रुज चलाया जाए, मेडिकल कचरे के निस्तारण की व्यवस्था नगर निगम करते हुए पृथक से वाहन चलाया जाए एवं इसका शुल्क वसुला जाए, मेरिज गार्डन, होटलो से पार्किंग शुल्क वसूला जाए, हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए एक बाजार उपलब्ध करवाया जाए, शहर में निकलने वाले जलसे जुलूसो की परमिशन दी जाए एवं उनसे सफाई शुल्क लिया जाए, जल भण्डारण व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए।

तृतीय सत्र अंजुश्री होटल में पार्षदों के साथ हुआ यहां पर वार्डो के पार्षदों में अपने सुझाव रखे कि रामघाट क्षैत्र में कर्मकाण्ड हेतु आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कर्मशाला बनाई जाए, शहर में अलग-अलग स्थानों पर बेरोजगारो के लिए एक जैसी गुमटी बनाकर उन्हे किराया पर दी जाए, मैरिज गार्डनों एवं होटलो से टेक्स वसूला जाए, महाकाल पहुच मार्ग पर यत्रियों की सुरक्षा के लिए कैमरे लगाए जाए, हाकर्स झोन बनाए जाए, रहवासीय भवनो का उपयोग कमर्शियल रूप में किया जा रहा है इसकी जांच की जाए एवं करवसूला जाए, बारिश में जलभराव की समस्या होती है इसके लिए चौक नालों का संधारण करवाया जाए एवं आवश्यक हो तो नवीन निर्माण करवाया जाए, पिछडे वार्डो के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया जाए, आदर्श रोड़ का निर्माण करवाया जाए इसीके साथ चतुर्थ सत्र अबिका होटल में व्यवसाईयों, व्यापारियों हेतु तथा पंचम सत्र इंपिरियल होटल में प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ पत्रकारों से परिचर्चा करते हुए सभी के सुझाव प्राप्त किए। सत्र में प्रबुद्धजनों द्वारा लिखित में भी अपने सूझाव दिए गए। संपूर्ण आयोजन की तैयारिया एवं बजट की परिचर्चा के उपरांत अपर आयुक्त आदित्य नागर द्वारा बताया गया कि सभी सुझावों को बजट में सम्मिलित किया जाएगा परिचर्चा करने वाले होटल श्री गंगा, होटल सालिटियर, अंजुश्री, अबिका होटल एवं इंपिरियल होटल का कार्यक्रम में सहयोग करने हेतु धन्वाद ज्ञापित किया गया।

### स्वच्छता कार्यशाला

होटल अंजूश्री में बजट एवं शहर विकास पर परिचर्चा के पश्चात् पार्षदों के लिए स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की जानकारी देते हुए, स्वच्छता सर्वेक्षण की गाईडलाईन की जानकारी दी गई।

# उज्जैन; शासकीय विधि कॉलेज में नकल रोकने पर असिस्टेंट प्रोफेसर की पिटाई



उज्जैन/ जन प्रकाशन

उज्जैन के शासकीय विधि कॉलेज में नकल रोकने पर एक असिस्टेंट प्रोफेसर की पिटाई कर दी गई। कॉलेज कैंपस में नकाबपोश हमलावरों ने उन्हें लात-घूंसों से पीटा। साथी प्रोफेसर और महिला प्राचार्य उन्हें बचाने के लिए हमलावरों से भिड़ गए। प्राचार्य की हमलावरों से झूमाझटकी हुई, इसके बाद वे भाग निकले। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

विधि कॉलेज में बुधवार को पेपर चल रहे थे। असिस्टेंट प्रोफेसर ईश्वर नारायण शर्मा ने कुछ छात्रों को एग्जाम हॉल में मोबाइल ले जाने से मना किया। इससे वे नाराज हो गए। परीक्षा के बाद घर जाते समय उन पर हमला हो गया। उनके साथी प्रोफेसर और प्राचार्य अरुणा सेठी ने बीचबचाव किया। घटना मंगलवार शाम की है। ईश्वर नारायण शर्मा ने नागझिरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने बुधवार देर रात हमले के आरोपी सौरभ पिता सुधीर नागर निवासी ऋषिनगर और राहुल पिता भारत सिंह सोलंकी निवासी सुदर्शननगर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने ने बताया कि आरोपी गलतफहमी में मारपीट करना बता रहे हैं। हालांकि, घटना की वजह कॉलेज में घुसने से रोकना मालूम हो रही है। पकड़े गए आरोपियों के पंवासा और नानाखेड़ा थाने में एक-एक आपराधिक रिकॉर्ड है। ये प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में वसूली का काम करते हैं।

मैं ईश्वर नारायण शर्मा शासकीय विधि महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हूं। विधि महाविद्यालय में परीक्षा चल रही थी। उस समय बाहरी लोग अंदर आने की कोशिश कर रहे थे। पुलिसवालों को बोलकर उन्हें बाहर करवा दिया। मैं और मेरे साथी प्रोफेसर व प्राचार्य अरुणा सेठी परीक्षा के बाद घर जा रहे थे, तभी कॉलेज कैंपस में दो लोग मुंह पर कपड़ा बांधे हुए आए। उन्होंने मेरी एक्टिवा को सामने से रोक लिया और अपशब्द कहते हुए मुझे लात-घूसे मारने लगे। मुझे गाड़ी सहित नीचे गिरा दिया।

गिराने के बाद उन दोनों ने पैरों से मेरे चेहरे पर वार किए। दाहिनी आंख, मुंह और सिर में चोट लगी। साथी प्रो. हर्षवर्धन यादव, देवेंद्र प्रतापसिंह, असीमकुमार शर्मा, कलीम अहमद खान, प्राचार्य अरुणा सेठी ने बीचबचाव किया, तो दोनों ने मेरे साथी प्रोफेसरों को बोला तुम बीच में बोलोगो तो तुम्हें भी मारेंगे। इसके बाद अपनी बाइक से भाग गए।

असिस्टेंट प्रो. शर्मा ने बताया कि एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर का पेपर था। मंगलवार दोपहर 3 से 6 बजे के दौरान गेट पर एंट्री के लिए खड़ा था। इसी दौरान पांच से छह बाहरी युवकों के हाथ में मोबाइल थे। ये परीक्षा गेट से अंदर आ गए थे, इन्हें बाहर कराया। इसके बाद परीक्षा में एक छात्र नकल कर रहा था, उसे रोका। वॉशरूम पहुंचा तो तीन-चार लड़के किताब के पेज फाड़ रहे थे, उनसे किताब छीन ली। वे बोले कि किताब वापस दो। मैंने किताब बाहर फेंक दी। बहुत खराब स्थिति थी, वे कुछ भी कर सकते थे। मारपीट करने वालों को पहली बार ही देखा, ये वे लोग हो सकते हैं, जिनके परिचितों को मैंने नकल करने से रोका। पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इंदौर की घटना से सबक लेना चाहिए। कॉलेज में सीसीटीवी और स्थायी सुरक्षा गार्ड तक नहीं है।

# उज्जैन नगर निगम में पदस्थ सहायक संपत्ति कर अधिकारी रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार



उज्जैन/ जन प्रकाशन

उज्जैन लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को उज्जैन नगर निगम के झोन क्रमांक 5 में पदस्थ सहायक संपत्ति कर अधिकारी को 2000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है आरोपी ने फरियादी से नामंत्रण की नकल निकालने के एवज में 2000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी जिसकी शिकायत पर लोकायुक्त ने उन्हें ट्रेप किया है। आरोपी 30 अप्रेल को रिटायर्ड होने वाले थे।

उज्जैन नगर निगम के झोन क्रमांक 5 में करीब 4:30 बजे आवेदक आसिफ हुसैन का इशारा मिलते ही लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी सहायक सम्पत्ति अधिकारी को धर दबोचा। एडवोकेट आसिफ हुसैन नामांतरण की प्रतिलिपि के लिए दो माह से निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। संपत्तिकर अधिकारी रमेश चंद रघुवंशी ने आवेदक हुसैन से प्रतिलिपि के एवज में 2000 रुपए की मांग की जिसके बाद आवेदक ने रिश्वत की मांग की सुचना लोकायुक्त उज्जैन को कर दी। जिस पर एक ट्रेप प्लान तैयार कर गुरुवार को आरोपी रघुवंशी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल आसिफ हुसैन ने सूचना के अधिकार के अंतर्गत नामंत्रण की जानकारी मांगी थी। जिसकी शिकायत 2 दिन पहले एडवोकेट हुसैन ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक को की थी। लोकायुक्त पुलिस ने बताया कि 2012 में भी आरोपी पर लोकायुक्त का प्रकरण दर्ज हुआ था।

### रिटायरमेंट से पहले लोकायुक्त का शिकंजा

लोकायुक्त डीएसपी सुनील कालान ने बताया कि आरोपी रघुवंशी का 30 अप्रेल को रिटायरमेंट होने वाला है। आरोपी ने अपने कार्यालय के बाहर दलालो से बचने के लिए एक पोस्टर लगा रखा था जिसमें लिखा है दलालो से सावधान।

# इंदौर टेस्ट की दूसरी पारी में भारत 163 रन पर सिमटा ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 76 रन का टारगेट



इंदौर/ जन प्रकाशन

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में कंगारुओं को 76 रन का टारगेट मिला है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत दूसरी पारी में 163 रन पर सिमट गया। भारतीय टीम के ऑलआउट होते ही अंपायर्स ने बेल्स उठा लिए और स्टंप्स कर दिया। गुरुवार को मैच के दूसरे दिन मेहमान टीम ने 156/4 के स्कोर से अपनी पहली पारी को आगे बढ़ाया और 197 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार कंगारुओं को पहली पारी में 88 रन की बढ़त मिली। भारत के लिए रवींद्र जडेजा के अलावा रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव ने तीन-तीन विकेट लिए।

दूसरी पारी में भारत की ओर से मिस्टर भरोसेमंद चेतेश्वर पुजारा (59 रन) ने 35वां अर्धशतक जमाया, जबकि श्रेयस अय्यर 26, कप्तान रोहित शर्मा 12 और विराट कोहली 13 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में रविचंद्रन अश्विन ने 16 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। नाथन लायन ने 8 विकेट चटकाए। पहले दिन भारत पहली पारी में 109 रन पर आउट हुआ था।

### भारतीय गेंदबाजों का जलवा, ऑस्ट्रेलिया 197 पर सिमटी

दूसरे दिन का पहला सेशन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 41 रन बनाने में छह विकेट गंवा दिए। उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिए। पीटर हैंड्सकॉम्ब 19 और कैमरून ग्रीन 21 रन के अलावा, निचले क्रम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

### पुजारा की टिकाऊ पारी, ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हावी

दूसरे सेशन में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हावी रहे। हालांकि पुजारा ने टिकाऊ पारी खेलकर टीम को बिखरने से रोका। इस सेशन में टीम इंडिया ने 66 रन पर चार महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए। चाय के समय भारतीय टीम का स्कोर 79/4 रहा। पुजारा 36 रन पर नाबाद रहे। गिल, जडेजा, रोहित और कोहली बड़ा स्कोर करने में नाकाम रहे।


### नाथन लायन का जलवा, भारत ऑलआउट

दिन के आखिरी सेशन में नाथन लायन का जलवा देखने को मिला। उन्होंने भारत के आखिरी 6 में से 5 विकेट चटकाए। भारतीय बल्लेबाज 84 रन ही जोड़ सके।

### ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 197 पर सिमटी

ऑस्ट्रेलियाई टीम की पहली पारी 197 रनों पर समाप्त हुई। दूसरे दिन टीम की ओर से पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 19 और कैमरून ग्रीन ने 21 रन बनाए। निचले क्रम के शेष बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिए। पहले दिन जडेजा को चार विकेट मिले थे।

# अश्विन बने टेस्ट में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज



एजेंसी/ मुंबई

भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन को दिल्ली टेस्ट में 6 विकेट लेने का फायदा मिला है। वे टेस्ट में गेंदबाजों की रैंकिंग के टॉप पर पहुंच गए हैं। भारतीय स्पिनर अश्विन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ा है। इंग्लिश गेंदबाज को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में विकेट न ले पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट रैंकिंग जारी की।

### 8वें पर पहुंचे जडेजा

अश्विन ने इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है। अश्विन के अब 864 अंक हो गए हैं। जबकि एंडरसन 859 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।वहीं, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस 858 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अश्विन के अलावा जडेजा और जसप्रीत बुमराह को एक-एक पायदान का फायदा हुआ है। बुमराह पांचवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए, जबकि रवींद्र जडेजा भी नौवें से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### 2015 में बने थे पहली बार नंबर-1

अश्विन पहली बार 2015 में टेस्ट में नंबर एक गेंदबाज बने थे। इसके बाद से वह लगातार पहले स्थान पर आते रहे हैं। 36 साल के अश्विन ने दिल्ली टेस्ट में 6 विकेट लिए। उन्होंने मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ के अहम विकेट लेकर भारत की जीत में योगदान दिया था। इसके बाद उन्होंने एलेक्स कैरी को भी आउट किया। दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती पांच में से तीन विकेट अश्विन ने लिए थे, जबकि जडेजा ने बाकी विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को छोटे स्कोर पर समेट दिया था।

### दो सप्ताह तक नंबर-1 बने रहने का मौका

अश्विन के पास अगले दो हफ्ते तक नंबर वन पर बरकरार रहने का मौका है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दो मैच बाकी हैं। तीसरा मैच इंदौर में खेला जा रहा है, जबकि चौथा मैच अहमदाबाद में होगा। ऐसे में अश्विन दोनों टेस्ट में विकेट लेते हैं तो वे अगले दो हफ्ते टॉप पर बने रहेंगे। क्योंकि, नंबर-2 पर काबिज पैट कमिंस भारत के खिलाफ इंदौर में टेस्ट नहीं खेल रहे हैं। वहीं, जेम्स एंडरसन की टीम इंग्लैंड अगले 2 सप्ताह तक कोई भी टेस्ट नहीं खेलेगी। पिछले तीन हफ्ते में तीन अलग-अलग गेंदबाज पहले स्थान पर रहे हैं। अश्विन से पहले इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन पहले स्थान पर थे। वहीं, एंडरसन से पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस लंबे समय तक पहले स्थान पर थे।

## मनोरंजन

# अल्लू अर्जुन ने शाहरुख खान की 'जवान' को किया इनकार!

एजेंसी/ मुंबई

बॉलीवुड इंडस्ट्री के सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म पठान ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की है। इस मूवी ने सारे रिकॉर्ड्स तोड़ डाले हैं। बता दें कि पठान में बॉलीवुड के टाइगर यानी सलमान खान ने कैमियो किया था जिससे फैंस का बज हाई हो गया था। पठान के बाद अब शाहरुख खान की जवान सुर्खियों में आ गई है। इस बीच किंग खान की इस मूवी को लेकर एक अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें जवान में साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन कैमियो करने वाले थे। लेकिन अब ये खबर है कि उन्होंने फिल्म में कैमियो करने से मना कर दिया है जिससे शाहरुख खान को तगड़ा झटका है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख की फिल्म में काम करने से अल्लू ने इनकार कर दिया है। रिपोर्ट में इसके पीछे की वजह अल्लू के बिजी शेड्यूल को बताया गया है। दरअसल, अल्लू इन दिनों अपनी अपकिंग फिल्म पुष्पा द रूल को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। जवान के मेकर्स ने अल्लू को फिल्म की कहानी भी सुना दी थी, लेकिन बिजी शेड्यूल की वजह से बात नहीं बन सकी। मालूम हो कि अल्लू अर्जुन अपने किरदार को लेकर काफी काम कर रहे हैं इसलिए उनके पास ज्यादा समय नहीं है। जवान में नहीं कैमियो करने की वजह यही है।

### जवान में ये सितारे आएंगे नजर

बताते चलें कि जवान में साउथ की सुपरस्टार नयनतारा और विजय सेतुपति नजर आने वाले हैं। फिल्म 2 जून 2023 को रिलीज होगी। फिल्म को शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है। इसके अलावा शाहरुख खान की मूवी डंकी भी चर्चा में हैं। हाल ही में डंकी के सेट से शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें और वीडियोज वायरल हुई थी, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया था। अब शाहरुख खान के फैंस को डंकी और जवान का बेसब्री से इंतजार है।



# 'बिल्ली बिल्ली' में सलमान खान ने डांस से मचाया तहलका



एजेंसी/ मुंबई

सलमान खान और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का नया गाना 'बिल्ली बिल्ली अंख गोरिए' रिलीज हो गया है। इस गाने में सलमान और पूजा का रोमांस लोगों को खूब लुभा रहा है। गाने में जहां सलमान खान अपने बेधड़क डांस और रोमांस से लोगों का दिल जीत रहे हैं तो वहीं पूजा हेगड़े पिंक आउटफिट में किसी खूबसूरत अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। गाने में पूजा और सलमान के साथ सिद्धार्थ निगम और जस्सी गिल भी अपने डांस का तड़का लगाते नजर आ रहे हैं। 'किसी का भाई किसी की जान' के इस गाने को रिलीज के केवल चंद ही मिनटों में 60 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। अब 'बिल्ली बिल्ली अंख गोरिए' पर लोगों के रिएक्शन्स भी आने शुरू हो गए हैं। लोग इस गाने पर जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सलमान खान के अंदाज की खूब तारीफ कर रहे हैं।

### 'बिल्ली बिल्ली अंख गोरिए' पर लोगों के कमेंट

सलमान खान और पूजा हेगड़े स्टारर 'बिल्ली बिल्ली अंख गोरिए' गाने पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "कुछ लोग कहते हैं कि सलमान भाई को डांसिंग नहीं आती। वह इस गाने में अपने डांस स्टेप्स से आग लगा रहे हैं।" तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, "कितना खूबसूरत और पॉजिटिव एनर्जी से भरा गाना है, सलमान खान का डांस जबरदस्त है।" एक और यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "सलमान खान इस गाने में बेहद ही जबरदस्त और हैंडसम लग रहे हैं। यह गाना चार्टबस्टर होने वाला है।"

बिल्ली बिल्ली गाने को जहां सुखबीर ने गाया है तो वहीं इसका म्यूजिक भी उन्होंने ही दिया है। हालांकि सलमान खान और पूजा हेगड़े स्टारर 'बिल्ली बिल्ली अंख गोरिए' गाने के लिरिक्स कुमार ने लिखे हैं। गाने का कंपोजिशन विक्की संधू ने किया है।

### इस दिन रिलीज होगी सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान'

बताते चलें की सलमान खान और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' ईद के मौके पर यानी 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में सलमान और पूजा के अलावा जस्सी गिल, राघव जुयाल और सिद्धार्थ निगम भी नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए एक्ट्रेस शहनाज गिल और श्वेता तिवारी की बेटी पूजा तिवारी बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी।

# होंडा ने लॉन्च की फेसलिफ्ट सिटी

**जापानी कार कंपनी होंडा की ओर से भारतीय बाजार में नई सिटी को लॉन्च कर दिया गया है। कंपनी ने सिटी के फेसलिफ्ट वर्जन को भारतीय बाजार में पेश किया है। हम इस खबर में आपको बता रहे हैं कि नई सिटी में क्या बदलाव किए गए हैं, इसमें कैसे फीचर्स मिलते हैं और इसे किस कीमत पर पेश किया गया है। होंडा मोटर्स की ओर से भारत में मिड साइज सेडान कार सिटी का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च किया गया है। मौजूदा मॉडल के मुकाबले कंपनी ने इसमें कुछ बदलाव भी किए हैं। बदलाव के बाद अपने सेगमेंट में यह पहले से ज्यादा बेहतर हो गई है और अन्य कंपनियों की सेडान कारों को कड़ा मुकाबला देगी।**



एजेंसी/ मुंबई

### होंडा ने लॉन्च की नई सिटी

होंडा मोटर्स की ओर से भारत में मिड साइज सेडान कार सिटी का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च किया गया है। मौजूदा मॉडल के मुकाबले कंपनी ने इसमें कुछ बदलाव भी किए हैं। बदलाव के बाद अपने सेगमेंट में यह पहले से ज्यादा बेहतर हो गई है और अन्य कंपनियों की सेडान कारों को कड़ा मुकाबला देगी।

### ये हुए बदलाव

कंपनी की ओर से सिटी के एक्सटीरियर में भी बदलाव किए गए हैं। कार के फ्रंट और रियर बंपर में बदलाव किए गए हैं। फ्रंट में स्पोर्टी डायमंड चेकरेड ग्रिल दी गई है। वहीं पीछे की ओर स्पोर्टी कार्बन रैप्ड डिफ्यूजर भी लगाए गए हैं। जिससे कार को स्पोर्टी लुक मिलता है। इनके अलावा इनलाइन शेल वाले एलईडी हैडलैंप, जेड शेप की थ्री डी रैप अराउंड एलईडी टेल लैंप, ऑटो फोल्ड मिरर के साथ टर्न इंडीकेटर, 16 इंच के डायमंड कट अलॉय व्हील्स को शामिल किया गया है। कार के इंटीरियर में भी सॉफ्ट टच का उपयोग किया गया है। एसी वेंट्स पर सेटिन मैटैलिक सराउंड फिनिश दी गई है। फ्रंट डोर हैंडल और फ्रंट डोर पॉकेट्स में एंबिएंट लाइट्स का उपयोग किया गया है। इसके साथ ही फ्रंट फुटवैल में भी एंबिएंट लाइट दी गई है।

### कैसे हैं फीचर्स

कार में क्रूज कंट्रोल का फीचर सभी वैरिएंट्स में दिया गया है। 17.7 सेमी का फुल एचडी कलर्ड टीएफटी मीटर दिया गया है जिसमें ड्राइवर इंफोरमेशन इंटरफेस भी है। इसके साथ ही इसमें वायरलेस एंड्राइड ऑटो, एप्पल कार प्ले के साथ आठ इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है। 4.2 इंच की एमआईडी भी ड्राइवर के लिए दी गई है। इसके अलावा रियर व्यू कैमरा, अमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम, लेन चेंज असिस्ट, ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे कई फीचर्स को इस सेडान कार में दिया गया है।

### कितना दमदार इंजन

होंडा सिटी 2023 में कंपनी की ओर से 1.5 लीटर का फोर सिलेंडर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया है। यह इंजन बीएस-6 के दूसरे चरण में अपग्रेड किया गया है। इस इंजन से कार को 160 पीएस की पावर मिलती है। कंपनी का दावा है कि इस इंजन के साथ नई सिटी एक लीटर में करीब 18 किलोमीटर तक चलाई जा सकती है। कार को स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड ऑप्शन के साथ भी ऑफर किया जाता है, जिससे करीब 26 किलोमीटर प्रति लीटर का एवरेज मिलता है। होंडा की ओर से नई सिटी में डीजल इंजन का विकल्प नहीं दिया है।

### कितनी है कीमत

कंपनी की ओर से इसे कुल चार वैरिएंट में पेश किया गया है, जिनमें एस, वी, वीएक्स और जेड एक्स हैं। यह वैरिएंट सामान्य इंजन के साथ मिलेंगे जबकि ई:एचईवी में वी और जेड एक्स वैरिएंट दिए गए हैं। कार की कीमत की शुरुआत एसवी मैनुअल वैरिएंट के साथ 11.49 लाख रुपये से शुरू होती है। इसके बाद वी एमटी वैरिएंट की कीमत 12.37 लाख रुपये और ऑटोमैटिक वी वैरिएंट की एक्स शोरुम कीमत 13.62 लाख रुपये रखी गई है। वीएक्स मैनुअल की कीमत 13.49, सीवीटी की 14.74, जेड एक्स मैनुअल 14.72 और सीवीटी वैरिएंट की एक्स शोरुम कीमत 15.97 लाख रुपये रखी गई है। ई:एचईवी के वी वैरिएंट को ई-सीवीटी के साथ दिया गया है जिसकी कीमत 18.89 लाख रुपये और जेडएक्स वैरिएंट ई-सीवीटी की एक्स शोरुम कीमत 20.39 लाख रुपये तय की गई है।

# सुजुकी ने लॉन्च किए ईथेनॉल से चलने वाले स्कूटर



एजेंसी/ मुंबई

जापानी दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी सुजुकी की ओर से भारतीय बाजार में तीन स्कूटर्स को अपडेट के साथ लॉन्च किया गया है। कंपनी की ओर से इन स्कूटर्स में क्या बदलाव किया गया है और अपडेट के बाद इनकी क्या कीमत होगी। हम इसकी जानकारी आपको इस खबर में दे रहे हैं।

### लॉन्च हुए तीन स्कूटर्स

सुजुकी इंडिया की ओर से भारतीय बाजार में तीन स्कूटर्स को अपडेट के बाद लॉन्च किया गया है। जिन स्कूटर्स को अपडेट किया गया है उनमें सुजुकी एक्सेस 125, एवेनिस 125 और बर्गमैन शामिल हैं।

### इंजन हुआ अपडेट

सुजुकी की ओर से तीनों स्कूटर्स के इंजन को अपडेट किया गया है। अपडेट के बाद अब तीनों ही स्कूटर ईथेनॉल से चल पाएंगे। इसके साथ ही इन्हें बीएस-6 के दूसरे चरण के लिए भी अपडेट किया गया है। जिसके बाद अब यह काफी कम प्रदूषण करेंगे।

### कितनी है कीमत

सुजुकी की ओर से तीनों स्कूटर्स को अपडेट के साथ पेश किया है। सुजुकी एक्सेस 125 के स्टैंडर्ड एडिशन की ड्रम ब्रेक के साथ एक्स शोरुम कीमत 79400 रुपये है। इसके डिस्क वैरिएंट की कीमत 83100 रुपये है। एक्सेस के स्पेशल एडिशन की कीमत को 84800 रुपये रखा गया है। राइड कनेक्ट एडिशन के साथ यह 89500 रुपये में मिलेगा। सुजुकी ने ऐवनिस की एक्स शोरुम कीमत 92 हजार रुपये तय की है। इसका रेस एडिशन 92300 रुपये में मिलेगा। बर्गमैन स्ट्रीट की एक्स शोरुम कीमत 93 हजार रुपये रखी गई है और इसका राइड कनेक्शन एडिशन की कीमत 97 हजार रुपये तय की गई है।

# मेट्रो ट्रेन का अगस्त- सितम्बर में एक छोटे रूट पर हो सकेगा ट्रायल रन



इंदौर/ जन प्रकाशन

इंदौर में मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने रविवार को इंदौर में निर्माणाधीन मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ आयुक्त नगर निगम प्रतिभा पाल भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान एमडी मनीषसिंह ने काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिए और ढिलाई को लेकर तेवर भी दिखाए।

अधिकारियों के द्वारा सबसे पहले शासन के वरीयता वाले मेट्रो ट्रेन के रूट का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निरीक्षण के समय गांधी नगर डिपो में चल रहे काम भी देखे। निरीक्षण के दौरान मेट्रो रेल कारपोरेशन के स्थानीय अधिकारियों के द्वारा काम को करने में आ रही समस्याओं को सामने रखा गया। मनीष सिंह के द्वारा परस्पर समन्वय से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिया गये ताकि द्रुत गति से निर्माण हो सके। मनीष सिंह ने कहा कि मेट्रो प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सर्वोच्च वरीयता का कार्य हैं। हमारा उद्देश्य है कि आगामी अगस्त सितम्बर तक इसका एक छोटे रूट पर ट्रॉयल रन हो सके। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा ने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी तरह का समन्वय किया जाएगा और मेट्रो प्रोजेक्ट द्रुत गति से पूर्ण हो सके इसके लिए हरसंभव कोशिश की जाएगी। उल्लेखनीय है मेट्रो रेल कारपोरेशन के द्वारा तेज गति के साथ काम चलाया जा रहा है । बैठक में फैसला लिया गया है कि जब प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इंदौर में हो रहा होगा उस समय पर भी काम को बंद नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान निर्देशक अजय शर्मा मेट्रो रेल परियोजना और वरिष्ठ अधिकारी अनिल जोशी भी मौजूद थे।

# अडाणी-हिंडनबर्ग केस में सुप्रीम कोर्ट ने एक्सपर्ट कमेटी बनाई

एजेंसी/ नई दिल्ली

अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 6 मेंबर्स एक्सपर्ट कमेटी बना दी है। रिटायर्ड जज एएम सप्रे इस कमेटी के हेड होंगे। उनके साथ इस कमेटी में जस्टिस जेपी देवधर, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल होंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने गुरुवार को यह आदेश दिया।

इस कमेटी को मामले की जांच सौंपने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया, यानी सेबी से भी स्टॉक्स की कीमतों में हेरफेर की जांच रिपोर्ट तलब की है। सेबी को 2 महीने के भीतर स्टेटस रिपोर्ट देनी होगी। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कमेटी बनाने से मार्केट रेगुलेटर सेबी की स्वतंत्रता और इसकी जांच प्रोसेस में कोई बाधा नहीं आएगी। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने ट्वीट कर फैसले का स्वागत किया हैं। उन्होंने कहा- 'अडाणी ग्रुप सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करता है। सच की जीत होगी।'

### सुप्रीम कोर्ट की कमेटी इन 2 पहलुओं की जांच करेगी:

शेयर मार्केट का रेगुलेटरी फ्रेमवर्क मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। यानी मार्केट में होने वाली ट्रेडिंग की निगरानी और पुख्ता की जाएगी।

अडाणी ग्रुप के शेयरों में तेज गिरावट से जुड़े विवादों की जांच करेगी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद ग्रुप के शेयर्स गिरे थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश भी दिए हैं

सेबी के चेयरपर्सन को एक्सपर्ट कमेटी को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी

केंद्र सरकार से जुड़े एजेंसियों को कमेटी के साथ सहयोग करना होगा

कमेटी अपने काम के लिए बाहरी विशेषज्ञों से परामर्श ले सकती है

कमेटी मेंबर्स का पेमेंट चेयरपर्सन तय करेंगे और केंद्र सरकार वहन करेगी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक सीनियर ऑफिसर को नॉमिनेट करेंगी

ये कमेटी को लॉजिस्टिकल असिस्टेंस देने के लिए नोडल ऑफिसर के रूप में काम करेंगे


कमेटी के सभी खर्चों को केंद्र सरकार ही वहन करेगी

### ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी

आज अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी देखने को मिली। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.52% चढ़ा। इसके अलावा अडाणी ट्रांसमिशन, विल्मर, पावर, ग्रीन एनर्जी और NDTV के शेयरों में करीब 5-5% की तेजी रही। वहीं अडाणी पोर्ट्स में 3.06%, टोटल गैस में 3.86%, अंबुजा सीमेंट में 4.50% और ACC में 1.39% की तेजी देखने को मिली।

### अडाणी-हिंडनबर्ग केस में SC पहुंचीं 4 याचिकाएं

इस मामले में अभी तक 4 जनहित याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। एडवोकेट एम एल शर्मा, विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सोशल वर्कर मुकेश कुमार ने ये याचिकाएं दायर की हैं। मामले में पहली सुनवाई चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने 10 फरवरी को की थी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक मनोज कुमार चौबे के लिए डीबी कॉर्प लि., 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित तथा 102-ए, अरण्य स्कीम नं. 78, एस-5, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक :** मनोज कुमार चौबे (मो. 9200031247) ● RNI No. MPHIN/2013/50913
(सभी विवादों का न्यायक्षेत्र इन्दौर रहेगा)